## स्वच्छता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य

# स्वच्छ लोहड़ी कार्यक्रम में कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने लिया करनाल को नंबर-1 बनाने का संकल्प



करनाल। नगर निगम कार्यालय प्रांगण में स्वच्छ लोहड़ी कार्यक्रम मनाते कर्मचारी और विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम कार्यालय प्रांगण में केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ लोहड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना तथा शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर कर्मचारियों, विद्यार्थियों व निगम स्टाफ ने करनाल को स्वच्छता सूची में नंबर-1 पर लाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने की। इस दौरान वरिष्ठ लेखा अधिकारी बलविन्द्र कुमार जग्घी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में करनाल शहर को शीर्ष स्थान पर लाने के लिए नगर निगम निरंतर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रहा है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को स्वच्छ लोहड़ी कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें सभी ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दोहराया।

अतिरिक्त निगम आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जीवनशैली है, जिसे प्रत्येक नागरिक को अपनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर के आसपास कचरा न फैलाएं और प्लास्टिक, कागज तथा जैविक कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालें। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, सड़कों व पार्कों में कचरा न फेंकने और डस्टबिन का उपयोग करने का संदेश दिया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह व संदीप कुमार, स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम से ट्रिगर मास्टर गुरदेव सिंह व अंकित, नगर निगम के कर्मचारी तथा दिवेन, वीवान, आयान, शैरिल, कैविन, ध्रुव, चयन, लक्ष्य, सपना, बतेरी सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### ढोल की थाप पर नृत्य, गिद्दा और पंजाबी बोलियों के साथ रंग में रंगे योग साधक

करनाल। श्रीकृष्णा मंदिर सेक्टर-14 में योग कक्षा द्वारा प्रातः लोहड़ी का पर्व बड़े ही उल्लास, उमंग और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी योग शिक्षक और योग साधक एकत्रित हुए तथा लोहड़ी पर्व को सांस्कृतिक भावनाओं के साथ मनाते हुए आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत लोहड़ी से संबंधित गीतों के साथ की गई। इसके बाद सभी ने मिलकर लोहड़ी पूजन किया और ढोल की थाप पर नृत्य करते हुए पर्व की खुशियां साझा कीं। पंजाबी बोलियों और गिद्दे के साथ पूरा माहौल उत्सवमय बन गया और सभी इस रंग-बिरंगे पर्व के आनंद में डूबे नजर आए। इस अवसर पर दिनेश गुलाटी ने उपस्थित लोगों को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि लोहड़ी का पर्व केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि इसका सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व भी है। त्योहार हमारी संस्कृति और रीति-रिवाजों को जीवंत रखने का माध्यम हैं, इसलिए हमें इन्हें सद्भावना और आनंद के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोहड़ी का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह पर्व नई फसल के तैयार होने की खुशी में मनाया जाता है। इस दिन सूर्यदेव और अग्निदेव को फसल समर्पित कर उनका आभार व्यक्त किया जाता है और किसान अच्छी पैदावार व समृद्धि की कामना करते हैं। कार्यक्रम के दौरान रेवड़ी, गजक और मूंगफली की भी विशेष धूम रही। इस अवसर पर योग शिक्षक बरखा जिंदल, नवीन जिंदल, वीणा सेठ, मंजू शर्मा, ईशा धवन, रितु, ईशा मोंगिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





# बार एसोसिएशन में लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास से मनाया

- न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं ने दी शुभकामनाएं, अलाव प्रज्ज्वलित कर बांटी मूंगफली-रेवड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिला बार एसोसिएशन की ओर से लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक तरीके से अलाव जलाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा, अन्य न्यायाधीशों तथा बार एसोसिएशन के प्रधान सुरजीत मढाण की उपस्थिति में लकड़ियों में आग प्रज्वलित की गई। इसके बाद अधिवक्ताओं ने अलाव के चारों ओर घेरा बनाकर पर्व मनाया। इस दौरान मूंगफली और रेवड़ियां बांटी गईं तथा लोहड़ी के गीत भी गाए गए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा ने संदेश में कहा कि पारंपरिक त्योहार मिल-जुलकर मनाने से भाईचारा बढ़ता है और संस्कृति के प्रति जागरूकता बनी रहती है। वहीं प्रधान सुरजीत मढाण ने कहा कि लोहड़ी का पर्व अब देश-विदेश में भी उत्साह के साथ मनाया जाता है और ऐसे आयोजनों से आपसी सौहार्द मजबूत होता है।

### ये रहे उपस्थित

राज कुमार चौहान, देविंद्र सिंह मान, जगमाल सिंह जटैन, चांदवीर मढाण, विनोद शर्मा, गुरप्रीत ग्रेटा, विशाल टूर्ण, सुरजीत नरवाल, नरेंद्र सिंह चीमा, अजयंत सिंह विर्क, सोनिया तंवर, अमृत सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# गुरु नानक खालसा कॉलेज में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में लोहड़ी पर्व उमंग और सद्भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं।

मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधन समिति के महासचिव सुरिंद्र पाल सिंह पसरीचा ने स्टाफ एवं विद्यार्थियों को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने लोहड़ी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे मिठास और परंपरा का पर्व बताया। कार्यक्रम में संगीत व नृत्य का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्राचार्य, स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. कृष्ण अरोड़ा तथा डॉ. जतिंद्र पाल सिंह ने भी प्रस्तुतियां दीं। मंच संचालन डॉ. बीर सिंह ने किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान कवरजीत सिंह प्रिंस ने भी सभी को शुभकामनाएं दीं।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रो. अंजु चौधरी, डॉ. देवी भूषण, डॉ. जुझार सिंह, डॉ. बलजीत कौर, प्रो. अजय, प्रो. प्रदीप, डॉ. अमरजीत, दिलबाग सिंह, गुरपाल सिंह, प्रो. चेष्टा अरोड़ा, डॉ. दीपक सहित कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्वदेशी दौड़ से युवाओं में होती है आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत

- डीएवी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर एनएसएस-एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी के लिए दौड़, विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




डीएवी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी के लिए दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी, आत्मनिर्भरता, अनुशासन, शारीरिक स्वास्थ्य तथा राष्ट्र-निर्माण के मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश देते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए सच्चे आदर्श और मार्गदर्शक हैं। उनके दर्शन और आदर्श भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत हैं। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद महान विचारक, ओजस्वी वक्ता, दूरदर्शी, कवि तथा युवा संरक्षक थे, जिन्होंने अपने विचारों से न केवल भारतीय समाज को नई दिशा दी, बल्कि युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और लक्ष्य के प्रति समर्पण का मार्ग भी दिखाया।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ें, सकारात्मक सोच अपनाएं और देशहित में योगदान दें। उन्होंने कहा कि युवाओं में ऊर्जा और सामर्थ्य अपार है, आवश्यकता केवल इसे सही दिशा देने की है। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का संकल्प ही भारत को मजबूत और समृद्ध बना सकता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम वर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को प्रेरित करते हुए कहते थे— "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।" उन्होंने कहा कि यदि युवा वर्ग स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर ले तो भारत पुनः विश्वगुरु बन सकता है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और स्वदेशी के प्रति जागरूकता का संदेश समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. लवनीश बुद्धिराजा, डॉ. अंशु, डॉ. रेखा चौधरी, डॉ. प्रतिमा राठी, डॉ. राधिका, डॉ. मनीषा, वीरेंद्र सहित राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# सूर्य नमस्कार अभियान से योग को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



आयुष विभाग द्वारा योग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूर्य नमस्कार अभियान 2026 चलाया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि आयुष विभाग हरियाणा के महानिदेशक संजीव वर्मा के आदेशानुसार तथा हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार यह अभियान 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत करनाल में कार्यरत सभी योग सहायक, योग प्रशिक्षक तथा सहयोगी संस्थाएं जिलेभर में नियमित रूप से सूर्य नमस्कार अभ्यास करवा रही हैं। उन्होंने बताया कि अभियान की इसी कड़ी में मंगलवार को जिले के 207 स्थानों पर 5200 प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। इस अभियान के माध्यम से लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ स्वास्थ्य संरक्षण के लिए नियमित व्यायाम अपनाने का संदेश दिया जा रहा है। हरियाणा योग आयोग करनाल के नोडल अधिकारी एवं योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज ने बताया कि जिला कारागार करनाल में भी विशेष सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत योग शिविर लगाया गया है। यह शिविर जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बराड़ की अध्यक्षता में तथा उप पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक अजय कुमार और उप पुलिस अधीक्षक धर्मचंद की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। डॉ. अमित पुंज ने बताया कि जिला कारागार में 12 जनवरी से 12 फरवरी तक प्रतिदिन योग शिविर लगाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कारागार में 280 महिला एवं पुरुष कैदियों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार अभियान हरियाणा सरकार द्वारा जनमानस के स्वास्थ्य के लिए एक अत्यंत सराहनीय पहल है।

# वर्दी समाज सेवा का सबसे बड़ा माध्यम : ओपी

- पुलिस अकादमी मधुबन में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक और रिक्रूट जवानों की दीक्षांत परेड, 78 प्रशिक्षणार्थियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस दीक्षांत परेड स्थल में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण दल संख्या 24 तथा रिक्रूट बेसिक प्रशिक्षण दल संख्या 93 की दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा सशस्त्र पुलिस मधुबन के महानिरीक्षक ओ. पी. नरवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीक्षांत परेड के दौरान मौलिक प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके 6 प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक और 72 रिक्रूट जवानों ने संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता से कर्तव्य पालन की शपथ ली। समारोह में अकादमी की पुलिस अधीक्षक पुष्पा ने प्रशिक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं अकादमी के पुलिस अधीक्षक बलजिन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि ओ. पी. नरवाल को स्मृतिस्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का धन्यवाद संबोधन पुलिस उप-अधीक्षक गीतिका जाखड़ द्वारा प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि ओ. पी. नरवाल ने दीक्षांत परेड में शामिल प्रशिक्षणार्थियों तथा उनके परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि जिनके बच्चों ने पुलिस जैसे चुनौतीपूर्ण विभाग में शामिल होकर जनसेवा का मार्ग चुना है, वे सभी बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों ने आज कर्तव्यनिष्ठा, देशभक्ति, ईमानदारी और निष्पक्षता से कार्य करने की जो शपथ ली है, उसे जीवन भर याद रखें और उसी के अनुरूप अपने आचरण को बनाए रखें। ओ. पी. नरवाल ने कहा कि प्रशिक्षण से आत्मविश्वास बढ़ता है और पुलिस सेवा में पेशेवर जीवन की राह आसान होती है। उन्होंने जवानों को संदेश देते हुए कहा कि वर्दी केवल पहचान नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है।

**धर्म-कर्म** | कथा के दूसरे दिन भगवान की लीलाओं से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा पंडाल

# धर्म, भक्ति व सदाचार की राह दिखाती है श्रीमद्भागवत कथा : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

समाज की सुख-शांति, खुशहाली और समृद्धि की कामना के लिए गांव काछवा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा स्थल पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। वृंदावन धाम से पधारे कथाव्यास पूज्य श्री केशव आचार्य जी महाराज के भावपूर्ण प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा स्थल पर मौजूद महिलाएं भगवान की लीलाओं को सुनकर भावुक होती दिखीं और भजनों पर श्रद्धा भाव से झूम उठीं।

यह भव्य आयोजन काछवा रोड स्थित सोमेश्वर राइस प्रा. लि. परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जहां श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर के आचार्य पंडित शुभम शास्त्री के सानिध्य में कथा का आयोजन चल रहा है। दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा पंडाल "हरे कृष्ण", "राधे-राधे" तथा "जय श्री कृष्ण" के जयकारों से गूंज उठा। कथाव्यास पूज्य श्री केशव आचार्य जी महाराज ने अपने प्रवचनों में राजा परीक्षित जन्म, सृष्टि क्रम वर्णन तथा कपिल अवतार का अत्यंत सरल और भावपूर्ण शब्दों में वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। भागवत कथा सुनने से मनुष्य के जीवन में सकारात्मकता आती है और आत्मिक शांति का अनुभव होता है। इस अवसर पर सोमेश्वर राइस प्रा. लि. के सीएमडी रामदास शर्मा ने कथा में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दिव्य कथा 18 जनवरी तक प्रतिदिन चलेगी। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमियों से कथा स्थल पर पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की। कथा के दौरान भक्ति संगीत और भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।





करनाल। प्रवचन देते कथाव्यास पूज्य श्री केशव आचार्य जी महाराज तथा उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया वातावरण

महिलाएं, बुजुर्ग और युवा सभी श्रद्धा में लीन नजर आए और पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उद्योगपति रामदास शर्मा, नरेश बंसल, शीशपाल शर्मा, शुभम शर्मा, अनाज मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, रणजीत भारद्वाज, सतीश कक्कड़, रोहित भारद्वाज, नगर खेड़ा कमेटी प्रधान अतर सिंह, बिट्टू भाटिया, गोबिंद भाटिया, विशाल, रवि शर्मा, रिंकू शर्मा, अश्वनी शर्मा, दीपक शर्मा, मौलिक भारद्वाज, सुनीता देवी, आरती, संतोष गुप्ता, सरोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### मकर संक्रांति व लोहड़ी पर ओम शिव शंकर सेवा मंडल ने लगाया विशाल भंडारा

तरावड़ी। ओम शिव शंकर सेवा मंडल तरावड़ी की ओर से नई अनाज मंडी में मकर संक्रांति व लोहड़ी के पावन अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में अनाज मंडी के आढ़ती भाइयों के साथ-साथ शहर के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंडल के संरक्षक सुभाष गुप्ता ने कहा कि मकर संक्रांति और लोहड़ी जैसे पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जरूरतमंदों की सेवा करने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी शहरवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने की बात कही। वहीं मंडल के प्रधान दुर्गेश मित्तल ने कहा कि ओम शिव शंकर सेवा मंडल का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर सेवा भाव से कार्य करना है। उन्होंने बताया कि भंडारे का आयोजन पूर्ण श्रद्धा और सेवा भावना के साथ किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रसाद ग्रहण कर सकें। प्रधान ने मकर संक्रांति व लोहड़ी की सभी शहरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाला वर्ष सभी के लिए खुशहाली और उन्नति लेकर आए।



## डीजे की धुनों पर जमकर थिरके स्टाफ और विद्यार्थी

# एसडी कॉलेज में लोहड़ी का त्योहार धूमधाम से मनाया

कार्यक्रम में गीतों पर झूमते विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ आशंकाओ, कठिनाइयों एवं शंकाओं के बावजूद भी निरंतर गतिशील एवं धैर्यवान बने रहने का नाम ही जीवन

एसडी पीजी कॉलेज में लोहड़ी पर समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया और डीजे की धुनों पर जमकर डांस किया।

आग जलाकर एवं रेवड़ी-मूंगफली-गजक की महक के साथ डीजे एवं गीत.संगीत की धुनों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री एसडी एजुकेशन सोसायटी के सचिव नरेश गोयल ने अग्नि प्रज्ज्वलित कर किया। नरेश गोयल ने कहा कि आशंकाओ, कठिनाइयों एवं शंकाओं के बावजूद भी निरंतर गतिशील एवं धैर्यवान बने रहने का नाम ही जीवन है। कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, महासचिव महेंद्र अग्रवाल, उपप्रधान राजीव गर्ग एवं कोषाध्यक्ष विशाल गोयल व सभी पदाधिकारियों ने समस्त स्टाफ को लोहड़ी पर्व कि शुभकामनाएं दी और सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि प्राचीन समय में सुंदरी एवं मुंदरी नाम की दो अनाथ लड़कियां थी। जिनको उनका चाचा एक राजा को भेंट कर देना चाहता था। उसी समय में दुल्ला भट्टी नाम का एक नामी डाकू हुआ। जिसने सुंदरी एवं मुंदरी को जालिमों से छुड़ा कर उन की शादियां की। इस अवसर पर डॉ.संगीता गुप्ता, डॉ.मोनिका खुराना, प्रो.प्रवीण आर खेरडे, डॉ.इंदु बाला, डॉ.संतोष कुमारी, प्रो.अन्नू आहूजा, प्रो.संजय चोपड़ा, प्रो.मयंक अरोड़ा, प्रो.पवन कुमार,प्रो. जुगमती, प्रो.किरण मलिक, प्रो.कविता व दीपक मित्तल आदि मौजूद रहे।

# आईबी कॉलेज में मनाया लोहड़ी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ लोहड़ी पंजाबी और हरियाणवी लोग बहुत उल्लास से मनाते हैं

आईबी महाविद्यालय में आज स्टाफ मेंबर्स द्वारा लोहड़ी के त्योहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महासचिव एलएन मिगलानी, परमवीर धींगरा उपप्रधान आईबीएल एजुकेशनल सोसाइटी, युधिष्ठिर मिगलानी प्रबंधक आईबीएल पब्लिक स्कूल, रमेश नागपाल वरिष्ठ सदस्य प्रबंधन समिति, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उप.प्राचार्या डॉ.किरण मदान एवं समस्त स्टाफ मेंबर्स द्वारा लोहड़ी की अग्नि को प्रज्वलित करके प्रारंभ किया। महासचिव एलएन मिगलानी ने पूजा अर्चना के बाद विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ.शशि प्रभा मलिक ने बताया लोहड़ी पंजाबी और हरियाणवी लोग बहुत उल्लास से मनाते हैं।



पानीपत। लोहड़ी में शामिल होते एलएन मिगलानी, परमवीर धींगरा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## जिला न्यायालय परिसर में गूंजे लोहड़ी के गीत




पानीपत। जिला एवं सत्र न्यायालय, परिसर में आज लोहड़ी का पर्व पारंपरिक उत्साह, उल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर न्यायालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जिसमें सभी माननीय न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन के सदस्य एवं अधिवक्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा लोहड़ी से जुड़े पारंपरिक गीतों, हास्य प्रसंगों एवं रोचक चुटकुलों की प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे उपस्थित जनसमूह आनंदित हो उठा। विशेष आकर्षण का केंद्र राजेश कुमार मेहता, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की प्रस्तुति रही, जिन्होंने लोहड़ी पर आधारित गीत, कविता की पंक्तियां एवं मनोरंजक चुटकुले प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति को उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गडगड़ाहट के साथ सराहा। लोहड़ी के उपलक्ष्य में मूंगफली एवं रेवड़ी सभी न्यायिक अधिकारियों को परोसी गई तथा अधिवक्ताओं एवं अन्य उपस्थित सदस्यों में भी वितरित की गई।

## जीडी गोयंका स्कूल में लोहड़ी और मकर संक्रांति धूमधाम से मनाई



पानीपत। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व का धूमधाम से आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल, प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा, वाइस चेयरमैन युवराज जैन और पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने अग्नि में रेवड़ी और मूंगफली की आहुति देते हुए एक दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी। संगीत की धुन पर सभी ने नृत्य का आनंद लिया। प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा ने लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व का महत्व बताया। वाइस चेयरमैन युवराज जैन ने भी लोहड़ी के इतिहास के बारे में बताया।

## युवा चेतना क्लब ने बांटे जरूरतमंदों को कपड़े



समालखा। युवा चेतना क्लब द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस व लोहड़ी का त्योहार नारायणा रोड स्थित ईंट भट्ठे पर जरूरतमंद लोगों के साथ मनाया। इस अवसर पर क्लब द्वारा बच्चों को गर्म कपड़े बांटे गए। दिल्ली पुलिस में सेवाएं दे रहे रवि ने बच्चों ओर उनके परिजनों को शिक्षा का महत्व बताया। वहां मौजूद युवाओं को नशे के दुष्परिणाम बताए गए। मूंगफली बांटकर लोहड़ी का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर अध्यापिका शिवानी दहिया, डॉ.सतीश देहरा, बिजेंद्र चोपड़ा, विकास नारायणा, प्रदीप सैनी बिलासपुर व सागर आदि मौजूद रहे।

## तीज-त्योहारों को मनाने से राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है : डॉ.जगदीश गुप्ता

# लोकगीतों की मिठास और भंगड़े की थाप से बिखरा आर्य कॉलेज में लोहड़ी के उत्सव का रंग

प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई दी

■ सभी विद्यार्थियों ने आग में मूंगफली व रेवड़ी डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में आज लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता व अन्य स्टाफ सदस्यों ने भारतेंदु मंच के समक्ष लोहड़ी में आग जलाकर यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। सभी विद्यार्थियों ने आग में मूंगफली व रेवड़ी डाली। महाविद्यालय के छात्र व छात्राएं ढोल की थाप पर जमकर थिरके। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई दी। वहीं कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सुरेन्द्र शिंगला, उप प्रधान वीरेंद्र शिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर व कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य समेत उपस्थित सदस्यों ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को बधाई दी। मंच संचालन डॉ.गीतांजली धवन ने किया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने इस उत्सव के रंग हर तरफ बिखेर दिए।



पानीपत। लाहड़ी की आग में मूंगफली व रेवड़ी डालते प्राचार्य डा.जगदीश गुप्ता।

### ये मौजूद रहे

प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि हर त्योहार समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करता है। तीज त्योहारों को मनाने से देश में सद्भावपूर्ण माहौल बनता है और राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है। इस अवसर पर डॉ.अनुराधा सिंह, डॉ.रामनिवास, डॉ. सतबीर, डॉ.मधु गाबा, डॉ.अनिल वर्मा, डॉ.मीनल तालस, डॉ.मनीषा डुडेजा, डॉ.विजय सिंह, डॉ.दिनेश कुमार, डॉ.रजनी शर्मा, डॉ.विवेक गुप्ता, प्रो.मिनाक्षी चौधरी, प्रो.पंकज चौधरी, प्रो.आस्था गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### उधार के पैसे वापस नहीं मिलने पर लगाई फांसी

इसराना। गांव धर्मगढ़ में मानसिक प्रताडऩा से तंग आकर एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति को 2 लाख रुपये उधार दिए थे, लेकिन पैसे वापस मांगने पर उसे धमकियां दी जा रही थी। इसी तनाव के चलते 28 वर्षीय अजय ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक के भाई दीपक ने थाना सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई अजय ने गांव के ही सुरजीत को 2 लाख रुपये उधार दिए थे। जब भी अजय अपने पैसे मांगताए सुरजीत पैसे लौटाने से इनकार कर देता और उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देता था। दीपक के अनुसार सुरजीत ने अजय से कहा था तू मुझसे अपने पैसे मत मांगा कर, वरना इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

### फिल्म और नॉन फिल्म संसाधनों के लिए नाम आमंत्रित किए

पानीपत। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी सुनील बसताडा ने बताया कि सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा द्वारा जिला स्तर पर जिला से फिल्म और नॉन फिल्म संसाधनों के लिए नाम आमंत्रित किए हैं। जिसमें फिल्म स्टूडियो का नाम, फिल्म रिकॉर्डिंग के स्थान, प्रोडक्शन हाउस का नाम, सांस्कृतिक विरासत स्थलों की जानकारी तथा शूटिंग के लिए सुविधाएं प्रदान करने वाली एजेंसियों के नाम व पते व स्वीकृत फिल्मांकन स्थानों की जानकारी मांगी गई है। उन्होंने बताया कि जिले से जाने वाले नाम राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर जिले की जानकारी दिखाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे दयाल सिंह स्कूल के कैडेट्स



पानीपत। सेक्टर 13-17 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के 20 विद्यार्थी और एएनओ सेकंड ऑफिसर मोनू सिंह फरीदाबाद के पाइनवुड इंटरनेशनल स्कूल में हरियाणा नेवल यूनिट एनसीसी का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर अटेंड करके लौटे। इस शिविर में कैडेट्स को शारीरिक प्रशिक्षण,आपदा प्रबंधन, ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, सामाजिक सेवा, खेल-कूद आदि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कैंप में विद्यालय के कैडेट्स कृश, लक्ष्य और सूर्यांश ने वॉलीबॉल टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल, भव्य, नमन सिंह और पारस मलिक ने टग आफ वार प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल, नमन सिंह ने राइफल शूटिंग में सिल्वर मेडल प्राप्त करके अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.विनीता कुमार तोमर ने कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कैंप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं।

## सीयू स्टूडेंट्स को दे रही 250 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप



पानीपत। क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 के अनुसार भारत की नंबर 1 प्राइवेट यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, टॉप नेशनल और इंटरनेशनल रिक्रूटर्स की पहली पसंद बनी हुई है। जिसमें 1300 से ज्यादा रिक्रूटर्स ने सीयू के 2025 बैच के स्टूडेंट्स को 10000 से ज्यादा नौकरियां दी हैं। इसमें सबसे ज्यादा इंटरनेशनल पैकेज 1.74 करोड़ रुपये रहा, जबकि सबसे ज्यादा डोमेस्टिक ऑफर 54.75 लाख रुपये का था। इनमें से 31 से ज्यादा रिक्रूटर्स ने 20 लाख रुपये या उससे ज़्यादा के जॉब ऑफर दिए, जबकि 52 कंपनियों ने 15 लाख रुपये से ज्यादा के सालाना सैलरी पैकेज वाली नौकरियां दीं। यह बात चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर के सलाहकार प्रो.डॉ.आरएस बावा ने आज पानीपत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। हरियाणा के स्टूडेंट्स की प्लेसमेंट डिटेल्स शेयर करते हुए प्रो.बावा ने कहा कि पिछले दो सालों में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में हायर एजुकेशन हासिल करने वाले हरियाणा के 2034 स्टूडेंट्स को टॉप भारतीय और ग्लोबल कंपनियों से जॉब ऑफर मिले हैं। अकेले पिछले दो सालों में पानीपत के 124 स्टूडेंट्स को लीडिंग नेशनल और इंटरनेशनल कंपनियों से जॉब ऑफर मिले। सीयू स्टूडेंट्स को 250 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप दे रही।

## श्री विश्वकर्मा महासंघ लड़ेगा पिछड़ा वर्ग के हितों की लड़ाई : शिवदत्त



पानीपत। अखिल भारतीय श्री विश्वकर्मा महासंघ की एक बैठक आज एकता विहार कॉलोनी स्थित ज्ञान गंगा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष शिवदत्त जांगड़ा ने की। उनके यहां पहुंचने पर पानीपत जिला अध्यक्ष दलविंदर जांगड़ा व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने स्वागत किया। इसके अलावा उनके साथ पहुंचे प्रदेश सचिव प्रीतम जांगड़ा व गुरुग्राम लोकसभा अध्यक्ष आनंद प्रकाश जांगड़ा का भी फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष शिवदत्त जांगड़ा ने कहा कि संगठन को ज्यादा से ज्यादा मजबूत बनाना है। जिसके बाद ही पिछड़े वर्ग के हकों के लिए संघर्ष किया जा सकेगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, अशोक जांगडा, सतीश जांगड़ा, बबलू, शीशपाल धीमान, गोवर्धन, महेंद्र जांगड़ा, आर्यन, महेश, पवन पांचाल, सोनू जांगड़ा, करण सिंह शर्मा, विजेंद्र जांगड़ा, बलबीर जांगड़ा, व रोशन लाल जांगड़ा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## मानसिक के साथ शारीरिक विकास भी जरूरी : नायब आर्य




पानीपत। एनएसएस कैंप में भाग लेते विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि

पानीपत। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज शारीरिक शिक्षा को महत्व देते हुए एनएसएस शिविर के दौरान स्कूल प्रांगण में दंड बैठक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नायब सिंह आर्य, अनुपम सिंह आर्य और जितेंद्र सिंह आर्य रहे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता संदीप पीटीआई ने की और मुख्य अतिथियों का स्कूल में पहुंचने पर स्वागत किया। मुख्य अतिथि नायब सिंह आर्य ने बच्चों में उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज का समय बच्चों के शारीरिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। आज की युवा पीढ़ी ज्यादातर नशे और मोबाइल में ज्यादा बिजी रहती है तो इसके लिए आर्य स्कूल संस्था बच्चों में शारीरिक विकास करने के लिए उन्हें समय समय पर ऐसी गतिविधियां करवाती रहती है की जिसमें बच्चे का सम्पूर्ण विकास हो और नशे आदि बुराइयों से बच कर रहे। कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण वर्मा ने बताया कि एनएसएस आर्य स्कूल वालंटियर देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर सुरजीत पीटीआई व हिमांशी व नेहा आदि मौजूद रहे।

## स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 69वीं फुटबॉल व कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ किया

# फुटबॉल में उत्तराखंड ने दिल्ली को और मणिपुर ने कर्नाटक को पराजित किया

हरियाणा की संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया

■ खिलाड़ियों को पूर्ण अनुशासन में खेल प्रदर्शन करने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सत्यवीर धनखड मीडिया इंचार्ज खेल हरियाणा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69वीं फुटबॉल 17 साल आयु वर्ग लड़का और कबड्डी 19 साल लड़का वर्ग नेशनल चैंपियनशिप का शुभारंभ शिक्षा मंत्री हरियाणा महीपाल सिंह ढांडा द्वारा सेवा साधना केंद्र पट्टी कल्याणा पानीपत में दीप प्रज्वलित एवं पताका फहराकर किया गया एवं हरियाणा की संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्री महीपाल सिंह ढांडा ने भारत के सभी राज्यों के खिलाड़ियों को संदेश दिया कि खिलाड़ी मानसिक रूप, शारीरिक रूप और शैक्षणिक रूप से सक्षम बनकर देश को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ी ओलंपिक गेम्स, कामनवेल्थ गेम्स,एशियन गेम्स और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में बहुत ही अच्छा खेल प्रदर्शन कर रहे हैं। पवन जिंदल प्रभारी आरएसएस उत्तर भारत ने सभी राज्यों के खिलाड़ियों को पूर्ण अनुशासन में खेल प्रदर्शन करने का संदेश प्रदान किया और कहा कि हमारा राष्ट्र विकसित राष्ट्र बनने की तरफ है। नेशनल चैंपियनशिप के शुभारंभ पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सांगवान, एडीसी पंकज यादव, डाक्टर आई पी नेगी फार्मर एनएसआईएस सांई पटियाला, डीईओ राकेश बूरा, बीईओ जयपाल सरोहा, रविंदर अंतिल एईओ स्पोर्ट्स, करन सिंह पुनिया एईईओ स्पोर्ट्स, जयवीर दहिया, डॉ. जोगिंदर, प्रदीप कादयान, पवन नांदल, राजपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



पानीपत। एसजीएफआई नेशनल चैंपियनशिप का शुभारंभ करते हुए मंत्री महीपाल ढांडा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### प्रतियोगिता के परिणाम

जोगेंद्र सिंह भोकर फुटबॉल कोच ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन के पहले फुटबॉल मैच में उत्तराखंड की टीम ने दिल्ली की टीम को 1.0 से परास्त कर विजय प्राप्त की। पाइट इंस्टीट्यूट खेल मैदान पर ओडीशा ने 12-0 अंक के साथ सीबीएसइ पर जीत दर्ज की। सेवा साधना केंद्र पट्टी कल्याणा खेल मैदान पर मणिपुर ने कर्नाटक को 5.0 से शिकस्त देकर विजय प्राप्त की। डीएवी पुलिस लाइन खेल मैदान पर मध्य प्रदेश की टीम ने पांडुचेरी की टीम को 2.0 से हराकर जीत प्राप्त की। तमिलनाडु ने पाइट इंस्टीट्यूट खेल मैदान पर गुजरात की टीम को 4.0 से हराया। सेवा साधना केंद्र पट्टी कल्याणा खेल मैदान पर पश्चिम बंगाल ने जम्मू कश्मीर को 4.0 से पराजित किया। हरियाणा की टीम ने डीएवी की टीम को कबड्डी में 27-04 अंक से किया परास्त। गुजरात ने कबड्डी के कडे मुकाबले में पश्चिम बंगाल को 31.25 से हराया।

